मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद्

(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन पंजीकृत संस्था)
नर्मदा भवन, द्वितीय तल, 59, अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल

क्र / 9160 /MGNREGS-MP/एनआर–3/IPPE. / 2015 भोपाल, दिनांक 30 / 09 / 2015

प्रति,

1. जिला कलेक्टर / जिला कार्यक्रम समन्वयक
   जिला – समस्त
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी / अति.जिला कार्यक्रम समन्वयक
   जिला पंचायत – समस्त
   मध्यप्रदेश

विषयः **IPPE-II** की प्रक्रिया में ग्राम स्तर पर सामुदायिक / व्यक्तिगत कार्यों की योजनाओं के चिन्हांकन एवं क्रियान्वयन की रणनीति हेतु आगामी 02 अक्टूबर, 2015 को आयोजित ग्राम सभा में, परिषद् स्तर से जारी किये गये निर्देशों का वाचन एवं प्रचार–प्रसार बाबत्।

संदर्भः 1. भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रलाय का पत्र क्र. जी–31011 / 4 / 2 / 2013-MGNREGA-V दिनांक 08.07.2015

2. परिषद् का पत्र क्रमांक 8673/NR-3/EE-JPS/2015 दिनांक 03.09.2015

– – 0 – –

कृपया विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें। भारत सरकार से प्राप्त पत्र के अनुक्रम में संदर्भित पत्र क्र. 02 के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2016–17 का लेबर बजट तैयार करने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये गये है। IPPE-II की प्रक्रिया में ग्राम स्तर पर सामुदायिक / व्यक्तिगत कार्यों की योजनाओं के चिन्हांकन एवं क्रियान्वयन की रणनीति तैयार करने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों के अत्यंत पिछड़े परिवारों एवं समुदायों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

आगामी 02 अक्टूबर, 2015 को आयोजित ग्रामसभा में BPT (Block Planning Team) एवम् BRT (Block Resource Team) के गठन, उद्देश्य एवं उनके दायित्वों से ग्रामसभा को अवगत कराया जाए।

समस्त ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को एस.एम.एस. के माध्यम से निर्देशित किया जाए कि उक्त ग्रामसभा में "रोजगार संवाद दिवस" जो कि ग्राम पंचायत में पूर्व से ही निर्धारित तय दिवस में आयोजित होना है, के विषय में विस्तार से जनसमुदाय को बताया जाए, ताकि प्रतिमाह तय दिवस पर आयोजित होने वाले "रोजगार संवाद दिवस" का लाभ जरूरतमंद ग्रामीणों को प्राप्त हो सके।

कृपया उपरोक्त दोनों बिन्दुओं को आगामी ग्रामसभा के एजेण्डे में सम्मिलित कराने का कष्ट करें।

30/9/15

(सुरेश आर्य)
अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी
म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद्
मुख्यालय, भोपाल

पृ.क्र /9161 /MGNREGS-MP/एनआर–3/IPPE./2015 भोपाल, दिनांक 30/09/2015

प्रतिलिपि :–

1. संभागायुक्त (समस्त)
2. आयुक्त, पंचायत एवं सामाजिक न्याय, अरेरा हिल्स भोपाल
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य आजीविका फोरम, भोपाल
4. संचालक, महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, आधारताल जबलपुर
5. संयुक्त संचालक, पंचायत एवं सामाजिक न्याय, संभाग (समस्त)
6. उप संचालक, पंचायत एवं सामाजिक न्याय, जिला (समस्त)
7. संयुक्त आयुक्त विकास/संभागीय प्रबंधक, संभाग (समस्त)

अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी
म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद्
मुख्यालय, भोपाल